No. of Printed Pages : 8 **CFN–3**

# CERTIFICATE PROGRAMME IN FOOD AND NUTRITION (CFN)

## Term-End Examination
## December, 2023

### CFN-3 : ECONOMICS OF FOOD

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i) Question **No. 1** is compulsory.*

*(ii) Answer **five** questions in all.*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Give *two* examples each of the foods which : 2

(i) provide the basic material for our energy needs

(ii) supplement the items in (i) alone.

(b) What is a budget ? How does it help us in the context of food and nutrition ? 2+2

(c) Classify foods into *three* main groups based on the most important requirement to produce them. 3

(d) The extent of spacing required between the perennial plants is usually how many meters and for seasonal crops it is how many meters ? 2

(e) The Government of India recognizes certain commodities as essential items reflecting the need of the common man Name any *four* commodities. 4

(f) Differentiate between procurement cost, consumer cost and consumer subsidy. 5

2. (a) How is expenditure on food influenced by income ? Comment giving appropriate examples in the context of different income groups. 10

(b) What is TPDS ? Elaborate on the distinct ration cards issued under TPDS. 10

3. (a) Explain the concept of nutritional prophylaxis. Briefly explain the various national prophylaxis programmes enacted by the Government of India. 10

(b) Describe the factors you will consider in preparing a food budget. 10

4. Give the objectives, beneficiaries and nutritional component of the following feeding programmes running in India : 10+10

(a) Mid-day meal programme

(b) Integrated child development programme

5. (a) Explain the concept of kitchen garden and its uses for individuals. 8

(b) Elaborate on the types of subsidies and their importance to agriculture. 7

(c) Elaborate how grading of foods can ensure quality food to consumers. 5

6. (a) "Poultry and Fishery are two enterprises which are beneficial to farmers." Justify the statement highlighting the products obtained and the government schemes implemented for their development. 15

(b) Elaborate how operation flood has helped farmers in income generation. 5

7. Explain the following briefly : 5+5+5+5

(a) Role of mass media in consumer education

(b) Consumer Protection Act

(c) Food adulteration and its consequences

(d) Sources of food spoilage

8. Write short notes on any ***four*** of the following : 5 each

(a) Food subsidies

(b) National Agriculture Policy

(c) Miltone and Fortification

(d) Food standards

(e) Government programmes for cattle improvement

# CFN–3

## भोजन और पोषण में प्रमाण-पत्र कार्यक्रम

## ( सी. एफ. एन. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## सी.एफ.एन-3 : भोजन का आर्थिक पक्ष

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *(i) प्रश्न सं.* ***1 अनिवार्य*** *है।*

*(ii) कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. (क) प्रत्येक खाद्य पदार्थ के **दो** उदाहरण दीजिए : 2

(i) हमारी ऊर्जा सम्बन्धी जरूरतों के लिए आधारभूत सामग्री प्रदान करने वाले खाद्य पदार्थ

(ii) उपर्युक्त (i) में बताए खाद्य पदार्थ को पूरक करने वाले

(ख) बजट क्या है ? यह भोजन और पोषण के सन्दर्भ में हमारी कैसे मदद करता है ? 2+2

(ग) खाद्य पदार्थों को, उनके उत्पादन के स्रोत के आधार पर **तीन** मुख्य समूहों में वर्गीकृत कीजिए। 3

(घ) सदाबहार पौधों के बीच की दूरी आमतौर पर कितने मीटर होती है और मौसमी फसलों के लिए यह कितने मीटर होती है ? 2

(ङ) भारत सरकार कुछ वस्तुओं को आवश्यक के रूप में मान्यता देती है, जो आम आदमी की आवश्यकता को दर्शाती हैं। किन्हीं **चार** वस्तुओं के नाम बताइए। 4

(च) 'प्राप्ति मूल्य', 'उपभोक्ता मूल्य' और 'उपभोक्ता आर्थिक सहायता' (Subsidy) के बीच का अन्तर बताइए। 5

2. (क) भोजन पर व्यय किस प्रकार आय से प्रभावित होता है ? विभिन्न आय समूहों के सन्दर्भ में उपयुक्त उदाहरण देते हुए टिप्पणी कीजिए। 10

(ख) लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली क्या है ? इस प्रणाली के तहत जारी किए गए विशिष्ट राशन कार्डों के बारे में विस्तार से बताइए। 10

3. (क) रोग निरोधक पोषण कार्यक्रम की व्याख्या कीजिए। भारत सरकार द्वारा कार्यरत विभिन्न रोग निरोधक पोषण कार्यक्रमों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। 10

(ख) खाद्य बजट तैयार करने में जिन कारकों पर आप विचार करेंगे, उनका वर्णन कीजिए। 10

4. भारत में चल रहे निम्नलिखित आहार कार्यक्रमों के उद्देश्य, लाभार्थी और पोषण के मानदण्ड बताइए : 10+10

(क) मध्याह्न भोजन कार्यक्रम (MDM)

(ख) समन्वित बाल विकास सेवाएँ (ICDS)

5. (क) किचन गार्डन की अवधारणा और व्यक्तियों के लिए इसके उपयोग की व्याख्या कीजिए। 8

(ख) सरकार द्वारा आर्थिक सहायता (Subsidy) के प्रकार और कृषि के लिए उनके महत्व के बारे में विस्तार से बताइए। 7

(ग) खाद्य पदार्थों की ग्रेडिंग, उपभोक्ताओं को भोजन की गुणवत्ता कैसे सुनिश्चित करती है, विस्तार से बताइए। 5

6. (क) "कुक्कुट पालन और मत्स्य पालन दो उद्यम हैं जो किसानों के लिए फायदेमन्द हैं।" प्राप्त उत्पादों और उनके विकास के लिए लागू की गई सरकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए। 15

(ख) विस्तार से बताइए कि कैसे 'ऑपरेशन फ्लड' ने किसानों की आय सृजन में मदद की है। 5

7. निम्नलिखित का संक्षेप में वर्णन कीजिए : 5+5+5+5

(क) उपभोक्ता शिक्षा में जनसंचार माध्यमों की भूमिका

(ख) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम

(ग) खाद्य पदार्थों में मिलावट और उसके परिणाम

(घ) खाद्य पदार्थों को खराब करने के लिए उत्तरदायी स्रोत

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 5

(क) खाद्य पदार्थों के लिए सरकार द्वारा आर्थिक सहायता

(ख) राष्ट्रोय कृषि नीति

(ग) मिलटोन और फोर्टिफिकेशन

(घ) खाद्य मानक

(ङ) डेरी विकास के लिए सरकारी कार्यक्रम